टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, सोमवार, 22 जून 2026

स्कूलों में शुरू किया जाए योग पीरियड : विधायक

शहर के नजरबाग मैदान में हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यक्रम

देश के प्रधानमंत्री का लोगों ने देखा सीधा प्रसारण

नवभारत न्यूज,टीकमगढ़

शहर के नजरबाग मैदान में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री के भाषण का सीधा प्रसारण भी तकनीकी खराबी के कारण नहीं हो सका। कार्यक्र म में भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत,अभिषेक खरे रानू, अनुराग वर्मा,अभय यादव एवं पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे।

यह आयोजन नजरबाग मंदिर के सामने किया गया था। योग अभ्यास के दौरान आधे लोग जहां योगासन कर रहे थे, वहीं कुछ लोग अपने स्थान पर बैठे रहे। कार्यक्रम में भाजपा विधायक हरिशंकर खटीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एसपी और स्कूली बच्चों ने भी योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। योग शिक्षक मनोज खरे और विष्णु श्रीवास्तव ने सुबह 6 बजे से योगाभ्यास शुरू कराया। इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं किया गया, जिससे लोगों को पास-पास बैठने के कारण योग करने में कठिनाई हुई।जिला पंचायत सीईओ नवनीत धुर्वे कई कठिन आसन नहीं कर पाए। विधायक हरिशंकर खटीक भी ताड़ासन और वृक्षासन जैसे आसनों में डगमगाते दिखे। वृक्षासन के दौरान आगे की पंक्ति में खड़े जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी संतुलन खो बैठे। यह स्पष्ट था कि उन्होंने इन आसनों का पूर्व अभ्यास नहीं किया था।कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई गई थी। योग सत्र समाप्त होने के बाद जब प्रधानमंत्री का भाषण लाइव दिखाने की बात आई, तो अधिकांश लोग उठकर जाने लगे। केवल भाजपा नेता और कार्यकर्ता ही बैठे रहे। हालांकि, तकनीकी समस्या के कारण प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण नहीं दिखाया जा सका।

पूर्व नपाध्यक्ष ने घर पर किया योगा

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी गिरी भी एक अलग अंदाज में देखी गई। योग दिवस के अवसर पर उन्होंने अपने निज निवास की छत पर योग करके लोगों को अनोखा संदेश दिया। श्रीमती लक्ष्मी गिरी गोस्वामी ने कहा कि योग हमें निरोग बनाता है। हर एक व्यक्ति को योग जरूर करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाओं को इस ओर ज्यादा ध्यान देना चाहिए। महिलाएं भी पीछे न हटें। वह भी स्वयं एवं बच्चों को योग के लिए प्रेरित करें। लक्ष्मी गिरी ने अंत में कहा कि हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि हम रोजाना इस क्रिया को करें।

दिनभर छाए रहे बादल

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मानसून की दस्तक में देरी और प्री-मानसून की बेरुखी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में भीषण और उमस भरी गर्मी का दौर जारी है। बुधवार को जिले का अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल अगले इस सप्ताह में बारिश की संभावना दिख रही है।

मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले आठ दिनों के बाद, यानी आगामी सोमवार को तेज हवा और गरज-चमक के साथ बारिश की शुरुआत हो सकती है। शनिवार को भी सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक तीखी धूप ने लोगों को बेहाल किया, हालांकि शाम ढलते ही मौसम का मिजाज थोड़ा बदला।

टीकमगढ़ जिले की डायरी

एक युवा नेता ने अपने कब्जे में ले लिया संगठन

इन दिनों एक युवा नेता बेहद मशहूर होते दिखाई दे रहे हैं, क्योंकि इन्होंने बहुत कम उम्र में ही राष्ट्रीय पार्टी के संगठन को अपने कब्जे में ले रखा है . नेताजी के सामने न तो उनकी जिलाध्यक्ष, विधायक एवं पूर्व विधायकों की भी नहीं चल पा रही . क्योंकि नेता जी अपने आपको प्रदेश के मुखिया का खास बताते हैं . इतना ही नहीं नेता जी प्रदेश के मुखिया जी के साथ निकलवाई तस्वीरों को अधिकारियों के पास भेजकर खूब रौला मचा रहे हैं . अब हद तो यह हो गई कि उनकी पार्टी का कोई भी संगठन पदाधिकारी अगर टीकमगढ़ पहुंचता है तो जिलाध्यक्ष को दरकिनार करके वह नेताजी उन पदाधिकारियों के प्रोग्राम को तय करते हैं . संगठन का कोई भी व्यक्ति उनसे कुछ नहीं कह पाता . अब इसके पीछे की क्या वजह है यह तो इस राष्ट्रीय पार्टी से जुड़े लोग ही बता सकते हैं . हालांकि नेताजी को पिछले कुछ दिनों से ऐसी गर्मी चढ़ी है कि अब वह मीडिया से भी उलझने की तैयारी में हैं . परन्तु वह यह नहीं समझ रहे कि जिस राष्ट्रीय पार्टी में उनको जिम्मेदारी मिली है . ऐसा करने से यह पार्टी उन्हें कब उनके घर का रास्ता दिखा दे वह सोच भी नहीं सकते . क्योंकि इसके पहले के कई उदाहरण हैं . इसलिए सलाह है कि अभी लंबी राजनीति करना है, तो जरा संभल कर चलना .

अधिक बिलो के टेंडर लेकर भ्रष्टाचार करने की तैयारी

टीकमगढ़ नगर पालिका द्वारा इन दिनों शहर में तमाम निर्माण कार्य के टेंडर लगाए जा रहे हैं . सीसी सड़कों एवं नाली निर्माण से लेकर भवनों के निर्माण कार्य के जमकर टेंडर लग रहे हैं . यहां ठेकेदारों में इतना अधिक कम्पटीशन है कि वह अधिक बिलो के टेंडर डालकर अब आगे भ्रष्टाचार करने की तैयारी में है . 28 प्रतिशत से अधिक बिलो वाले निर्माण कार्यों में यह ठेकेदार गुणवत्ता कैसे ला पाएंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा, परन्तु अधिक बिलो वाले ठेकेदार इतने होनहार है कि वह निर्माण भी करा लेते हैं और पैसा भी बचा लेते हैं . क्योंकि अधिकारी इनके खिलाफ सख्त नहीं होते, यह कैसा खेल नगर पालिका में चल रहा है भगवान ही जाने ।

...आखिर में बात भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसने की .

...आखिर मे बात कर लेते हैं जिले के मुखिया कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की . वैसे तो वह इन दिनों किसी पहचान के मोहताज नहीं, परन्तु अब भ्रष्टाचार पर शिकंजा भी वह कसने लगे हैं, बीते दिनों आई भ्रष्टाचार की वीडियो पर की गई कार्यवाही की खूब चर्चा है ।

आमिर खान, दैनिक नवभारत

संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

नवभारत न्यूज

मोहनगढ़। बंधा चौकी क्षेत्र के बरेठी गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मृतक युवक की पहचान किशोरी प्रजापति के रूप में हुई ग्रामीणों की माने तो मृतक युवक मानसिक रूप से बिछिवद होना बताया गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ कार्यपालिक मजिस्ट्रेट अभय सिंह ने मौके का निरीक्षण कर शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या अथवा अन्य कारणों से जुड़ा हो सकता है, हालांकि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओं का दौर जारी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच में जुटी हुई है।

कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जनपद पंचायत पलेरा में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजनान्तर्गत कुक कम हेल्पर का कूकिंग काम्पटीशन का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि खरगापुर विधायक चंदारानी सुरेन्द्र सिंह गौर, विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि सुनील खटीक, नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री विनोद वर्मा, जनपद पंचायत सीईओ अरविन्द वोरकर, जनपद शिक्षा केन्द्र प्रमुख पुष्पेन्द्र पाठक एवं जन शिक्षक उपस्थित रहे।

योगाभ्यास में सभी ने निभाई सहभागिता

नवभारत न्यूज

मोहनगढ़। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रभारी तहसीलदार सावंत सिंह के नेतृत्व में मोहनगढ़ में योग पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया।

योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योगासन किए। इस दौरान नियमित योग को स्वस्थ जीवन की कुंजी बताते हुए लोगों को अपने दैनिक जीवन में योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। योग गुरु हरिशंकर झा ने सभी को योग अभ्यास की शिक्षा दी एवं योग आसन का महत्व बताया। वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं योग के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना रहा।कार्यक्रम का समापन सभी प्रतिभागियों द्वारा नियमित योग करने के संकल्प के साथ किया गया।

25 को लगेगा रोजगार मेला

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शापीजी कॉलेज, में 25 जून को युवा संगम , रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जावेंगे । उक्त युवा संगम, रोजगार मेले में जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों , समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

साक्षात्कार के माध्यम से मिलेगा रोजगार

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शापीजी कॉलेज, टैगोर हॉल, कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ में 25 जून 2026 दिन प्रात: 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जावेंगे। उक्त युवा संगम, रोजगार मेले में टीकमगढ जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आई.डी. सहित उपस्थित होकर देश प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शापीजी कॉलेज, टैगोर हॉल, कुण्डेश्वर रोड टीकमगढ में 25 जून 2026 दिन प्रात: 11 बजे से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

छात्रवृत्ति का अवसर

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

मध्य प्रदेश के सामान्य, अनारक्षित छात्रों एवं छात्राओं के लिए एक अच्छी खबर है। उच्च शिक्षा विभाग ने विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना-2026 की घोषणा की है, जो अनारक्षित वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक बेहतरीन अवसर है। छात्रों को प्रति वर्ष वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने अनारक्षित वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना-2025 की अधिसूचना जारी की है।

नवाचार से सुंदर दिख रहीं पंचायतें

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। ग्राम पंचायत का काम केवल बिल्डिंग बनाना नहीं है। ग्राम पंचायतों द्वारा विकसित किया जा रहा चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम इस बात का उदाहरण है कि पंचायतें चाहें तो नवाचार कर सकती हैं, गावों में सुन्दर बदलाव ला सकती हैं।

मध्यप्रदेश का टीकमगढ़ जिला ग्रामीण स्वच्छता एवं ग्रे वॉटर प्रबंधन के क्षेत्र में एक अभिनव उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। यहाँ ग्राम पंचायतों में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में गंदे पानी के वैज्ञानिक प्रबंधन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। ग्राम पंचायत का काम केवल बिल्डिंग बनाना नहीं है।

ग्राम पंचायतों द्वारा विकसित किया जा रहा चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम इस बात का उदाहरण है कि पंचायतें चाहें तो नवाचार कर सकती हैं, गावों में सुन्दर बदलाव ला सकती हैं। यहाँ ग्राम पंचायतों में चैंबर आधारित अंडरग्राउंड ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जा रहा है।

शिविर में साक्षरता एवं साइबर के प्रति कराया जागरूक

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। भारतीय रिज़र्व बैंक के एलडीओ धीरज गुप्ता के मार्गदर्शन में शासकीय आईटीआई कॉलेज में वित्तीय साक्षरता एवं साइबर जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

इस साथ ही शिविर में अग्रणी जिला प्रबंधक कैलाश नारायण आर्य, वित्तीय साक्षरता केंद्र के काउंसलर नसीम सिद्दीकी एवं महाविद्यालय के शिक्षक प्रवीण यादव उपस्थित रहे। शिविर में धीरज गुप्ता ने विद्यार्थियों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल भुगतान, बचत की आदत तथा सुरक्षित बैंकिंग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज के समय में साइबर धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

आज होगी टीएल की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज टीकमगढ़।

जिले के कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में टीएल की बैठक आहूत की जाएगी। जिसमें अधिकारियों को द्वारा आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

प्रत्येक सोमवार की तरह आज सोमवार को प्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन किया जएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा होगी।

3 जुलाई तक होगा दस्तावेजों का सत्यापन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग की द्वितीय चरण की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा जारी समय-सारणी के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन पंजीयन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

द्वितीय चरण में पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए 19 जून से 20 जून 2026 तक पंजीयन में संशोधन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। संस्थाओं के प्राथमिकता क्रम का चयन एवं लॉक करने की प्रक्रिया 10 जून 2026 से 22 जून 2026 तक संचालित की जाएगी। सामान्य मेरिट सूची का प्रकाशन 23 जून 2026 को किया जाएगा। आवंटित अभ्यर्थियों के लिए आवंटन पत्र डाउनलोड करने तथा संबंधित संस्था में उपस्थित होकर मूल दस्तावेजों के सत्यापन एवं प्रवेश की प्रकिया 27 जून 2026 से 03 जुलाई 2026 तक संचालित की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने किसानों के खातों में पहुंचाई सम्मान निधि

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किश्त वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल से देशभर के किसानों के खातों में सम्मान निधि की राशि अंतरित की। जिले स्तर पर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ में देखा गया।

जिले में आयोजित लाइव प्रसारण कार्यक्रम में एसडीएम टीकमगढ़ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, तहसीलदार टीकमगढ़ सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सहित किसान भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को योजना के लाभों की जानकारी देते हुए उन्हें कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किश्त वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल से देशभर के किसानों के खातों में सम्मान निधि की राशि अंतरित की।

मच्छरों के प्रकोप से लोग परेशान

नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में भले ही स्वच्छता के नाम पर नगर पालिका ढिंढौरा पीट रही हो, परन्तु नगर के कई स्थानों की नालियों में मच्छर पनप रहे है। लोंगों ने नालियों में कीटनाशक दवा छिड़काव करने की मांग की है।

मारपीट

पुलिस से न्याय की लगाई गुहार

शादी समारोह में महिला डांसर से मारपीट का मामला

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। बड़ागांव धसान थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान आर्केस्ट्रा की महिला डांसर और उसके सहयोगी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शनिवार रात की है, जिसका वीडियो रविवार को सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया।



जानकारी के अनुसार, बड़ागांव के वार्ड 9 में धनीराम अहिरवार की बेटी की शादी समारोह चल रहा था। बारात टीकमगढ़ के नारगुडा से आई थी, जिसके साथ आर्केस्ट्रा पार्टी भी लाई गई थी। महिला डांसर ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी और आरोप लगाया कि कार्यक्रम के लिए तय पैसे नहीं दिए गए। साथ ही उसने यह भी दावा किया कि उसके साथ मारपीट की गई और 65 हजार रुपये छीन लिए गए।थाना प्रभारी जयंत गोयल के अनुसार, कार्यक्रम में रोहित अहिरवार द्वारा आर्केस्ट्रा पार्टी को लाया गया था। महिला डांसर के साथ उसका सहयोगी दीपक अहिरवार भी मौजूद था। बताया गया है कि डांस के दौरान दीपक अहिरवार पैसे लुटाने लगा, जिससे गांव के बच्चे इकट्ठा हो गए। इस दौरान बच्चों और दीपक के बीच कहासुनी और हाथापाई हो गई।

पुलिस के मुताबिक, बच्चों से विवाद के बाद स्थिति और बिगड़ गई और दोनों पक्षों में मारपीट की नौबत आ गई।पुलिस ने मामले में रोहित अहिरवार और दीपक अहिरवार को हिरासत में लेकर धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। वहीं महिला डांसर के साथ मारपीट के आरोपों की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो की जांच के बाद यह स्पष्ट किया जाएगा कि महिला डांसर के साथ मारपीट किसने की। इसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। बड़ागांव धसान थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान आर्केस्ट्रा की महिला डांसर और उसके सहयोगी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना शनिवार रात की है, जिसका वीडियो रविवार को सामने आने के बाद मामला चर्चा में आ गया। बीते 15 दिनों से जिले में रोजाना अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा है। लोगों में पुलिस का भय नहीं है।

धारा 151 के तहत हुई कार्यवाही

पुलिस ने मामले में रोहित अहिरवार और दीपक अहिरवार को हिरासत में लेकर धारा 151 के तहत कार्रवाई की है। वहीं महिला डांसर के साथ मारपीट के आरोपों की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि वीडियो की जांच के बाद यह स्पष्ट किया जाएगा कि महिला डांसर के साथ मारपीट किसने की इसकी जांच की जा रही है।

मेरिट के आधार पर होगा सूची का प्रकाशन

नवभारत न्यूज

टीकमगढ़। शासकीय आईटीआई टीकमगढ़ में व्यवसाय सटेनोग्राफी हिन्दी,इलेक्ट्रीशियन, फिटर, कोपा, बेल्डर, सोलर टैक्नीशियन और ट्रेवल एण्ड टूर असिस्टेन्ट में प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक विभाग के पोर्टल के माध्यम से 30 जून तक रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

आवेदक व्यवसायों की प्राथमिकता का चयन 30 जून तक कर सकते है। प्रथम चयन सूची 10वीं परीक्षा में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर विभाग के पोर्टल पर प्रकाशित की जायेगी, जिसकी सूचना विभागीय पोर्टल पर पृथक से जारी की जाएगी तथा मेरिट के अनुसार आवेदकों को संबंधित संस्था में प्रवेश दिया जायेगा। शासकीय आईटीआई में प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी हेतु आवेदक केएल कोरी प्रशिक्षण अधिकारी के मोबाइल नंबर 7000789084, आदित्य नायक मोबाइल नंबर 7415467173 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा शासकीय आईटीआई टीकमगढ़, छत्रसाल द्वार के पास, होमगार्ड पेट्रोल पम्प के सामने जतारा रोड टीकमगढ़ में उपस्थित होकर भी अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। योग्यता के आधार पर चयन होगा।